Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ ए.सी.बी. चूरू द्वारा विनोद कुमार तकनिशियन जोधपुर डिस्कॉम उपखण्ड उपनी मुख्यालय श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर को 1,45,000/— रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया

जयपुर, दिनांक 05 जनवरी, 2026 शनिवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी चूरू इकाई द्वारा आज दिनांक 05.01.2026 को कार्यवाही करते हुये आरोपी **विनोद कुमार तकनिशियन– II जोधपुर डिस्कॉम उपखण्ड उपनी मुख्यालय श्रीडूंगरगढ जिला बीकानेर** को परिवादी से रिश्वत राशि **1,45,000/— रूपये** लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। रिश्वत राशि आरोपी की पहनी पेंट की जेब से बरामद की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी चूरू को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से उसके, पिता के नाम कृषि विद्युत कनेक्शन में नाम परिवर्तन करवाने एवं वीसीआर की राशि को कम कर जमा करवाने की एवज में आरोपी विनोद कुमार तकनिशियन द्वारा रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है एवं मांग के अनुसरण में आज दिनांक 05.01.2026 को आरोपी विनोद कुमार तकनिशियन–II द्वारा डिस्कॉम के उपखण्ड कार्यालय उपनी मुख्यालय श्रीडूंगरगढ में 1,45,000/— रूपये रिश्वत के प्राप्त किये।

जिस पर एसीबी बीकानेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चूरू के **अति. पुलिस अधीक्षक श्री महावीर प्रसाद शर्मा** के निर्देशन में **पुलिस निरीक्षक श्री महेन्द्र कुमार** के नेतृत्व में मय टीम के मांग का सत्यापन करवाया जाकर आज दिनांक 05.01.2026 को ट्रेप का आयोजन कर आरोपी को 1,45,000/— रूपये रिश्वत राशि लेते हुऐ रंगे हाथो गिरफ्तार कर रिश्वत राशि बरामद की गई। मौके पर कार्यवाही जारी हैं।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।